**Regarding construction of railway overbridge at Level Crossing Nos. 156 and 101 in Dausa district, Rajasthan- laid**

श्री मुरारी लाल मीना **(दौसा) :** बांदीकुई शहर जिला दौसा (राजस्थान) में रेलवे फाटक संख्या 104, बादीकुई आगरा रेत लाइन पर शहर के मध्य स्थित है । इस रेल मार्ग पर प्रतिदिन 70 से अधिक ट्रेनें गुजरती है, जिससे फाटक के बंद रहने के दौरान गभीर ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न होती है । इस समस्या का समाधान पिछले 25 वर्षों से मांगा जा रहा है । ओवरब्रिज का निर्माण इस समस्या का समाधान हो सकता है, लेकिन इससे फाटक के दोनों ओर स्थित हजारों दुकानों को नुकसान होगा जिससे लोगों की आजीविका संकट में आ जाएगी और शहर का मुख्य बाजार समाप्त हो सकता है ।

इसका एक वैकल्पिक और स्थायी समाधान है कि बांदीकुई जंक्शन से दिल्ली और आगरा की ओर जाने वाले रेल मार्ग पर, क्रमशः फाटक संख्या 156 (घोली गुमटी) और फाटक संख्या 101 (लीलोज) है, जिनकी दूरी मात्र 2 किमी है । नई समानांतर रेल लाइन का निर्माण कर, इन दोनों स्थानों को जोडते हुए ट्रेनें संचालित की जा सकती हैं । नई लाइन चालू होने पर मौजूदा रेल मार्ग को बंद कर, रेलवे भूमि का पुनः उपयोग किया जा सकता है । यह समाधान न केवल यातायात जाम से राहत देगा, बल्कि शहर के व्यापार और सामाजिक सरचना को भी संरक्षित करेगा ।

अतः सरकार से निवेदन है कि इस प्रस्ताव पर विचार कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें ।